भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
GOVERNMENT OF INDIA, DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)
INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION (ISRO)
इसरो दूरमिति अनुवर्तन तथा आदेश संचारजाल
ISRO TELEMETRY TRACKING AND COMMAND NETWORK
बेंगलूरु BENGALURU

विज्ञा.स. Advt. No. ISTRAC:02:2026 Date 27.06.2026

# तकनीकी सहायक/ वैज्ञानिक सहायक/ग्रंथालय सहायक/तकनीशियन-बी/ ड्राफ्टसमैन-बी/रसोइया - ए की भर्ती

# RECRUITMENT OF TECHNICAL ASSISTANT / SCIENTIFIC ASSISTANT / LIBRARY ASSISTANT / TECHNICIAN - 'B'/ DRAUGHTSMAN - 'B' /COOK- A

**विज्ञापन में दिए गए पात्रता मानदंड एवं आवश्यकताओं को पूरा करना सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। अत: आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले पूरे विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें।**

**THE RESPONSIBILITY TO ENSURE THE FULFILLMENT OF ELIGIBILITY CRITERIA AND REQUIREMENTS DETAILED IN THIS ADVERTISEMENT RESTS WITH THE APPLICANT. APPLICANTS ARE THEREFORE ADVISED TO CAREFULLY READ THE FULL ADVERTISEMENT BEFORE PROCEEDING FOR ONLINE APPLICATION.**

**अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि इसरो में नौकरी के लिए जाली नियुक्ति प्रस्ताव पर ध्यान न दें**

**CANDIDATES ARE ADVISED NOT TO TAKE COGNIZANCE OF FAKE OFFER OF APPOINTMENT FOR JOBS IN ISRO**

इसरो दूरमिति अनुवर्तन तथा आदेश संचारजाल (इस्ट्रैक) इसरो के उपग्रह और प्रमोचनयान के लिए प्रमुख भू-खंड सुविधा प्रदान करता है। इसके तहत, इस्ट्रैक ने अंतरिक्षयान नियंत्रण केंद्र, टी.टी.सी. भू-स्टेशन नेटवर्क, गहन अंतरिक्ष नेटवर्क, नौसंचालन अभियान हेतु भूखंड की स्थापना की है, जिसमें सटीक समय सुविधा, अंतरिक्ष विज्ञान डाटा केंद्र सहित अन्य वस्तुएं शामिल हैं। इसके अलावा, इस्ट्रैक रेडार का विकास, खोज व बचाव कार्यों और उपग्रह संचार नेटवर्क के लिए हब सेवाओं के विकास सहित कई अन्य गतिविधियां करता है। इस्ट्रैक अन्य अंतरिक्ष एजेन्सियों के मिशनों के लिए टी.टी.सी सहायता भी प्रदान करता है। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस्ट्रैक ने बेंगलूरु, लखनऊ, श्रीहरिकोटा, श्री विजयपुरम, अंडमान एवं निकोबार द्वीप, तिरुवनंतपुरम, मारीशस, ब्रूनेई, बियाक (इंडोनेशिया) और गहन अंतरिक्ष नेटवर्क स्टेशनों पर भू स्टेशनों का एक नेटवर्क स्थापित किया है। इसने अपनी विभिन्न गतिविधियों को पूरा करने के लिए कई अत्याधुनिक सुविधाएं भी शुरु की है।

ISRO Telemetry Tracking & Command Network (ISTRAC) is the premier ground segment solution provider for ISRO's satellite and launch vehicle missions. As a part of this, ISTRAC has established Spacecraft Control Centres, TTC Ground Station Networks, Deep Space Network, Ground Segment for Navigation mission, which includes a precise timing facility, Space Science Data Centre among other things. In addition, ISTRAC performs a host of other activities including development of Radars, Search and Rescue Operations and hub services for Satellite Communication Networks. ISTRAC also provides TTC support for missions of other space agencies. Towards, these objectives, ISTRAC has established a network of ground stations at Bengaluru, Lucknow, Shriharikota, Sri Vijayapuram, A & N Island, Thiruvananthapuram, Mauritius, Brunei, Biak (Indonesia) and the Deep Space Network Stations. It has also commissioned / is commissioning several state-of-the-art facilities to carry out its various activities.

2. इसरो दूरमिति अनुवर्तन तथा आदेश संचारजाल, बेंगलूरू द्वारा निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं (भारत में कहीं भी नियुक्ति होने की संभावना है) , ये पद अस्थायी हैं, परंतु इनके जारी तक रहने की संभावना है
2. ISRO Telemetry Tracking & Command Network Bengaluru, invites on-line applications for the following posts (Liable to be posted anywhere in India), the posts are temporary, but likely to continue:

| पद कोड Post Code. | विषय/क्षेत्र Discipline/ Field | रिक्त पदों की संख्या No. of Vacancy (ies) | अनारक्षित/आरक्षित Unreserved/ Reserved for | शारीरिक मानक *Physical Standards* | आवश्यक न्यूनतम अर्हता व अनुभव Essential minimum qualification & Experience | चयन का तरीका Mode of Selection |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **तकनीशियन-बी /TECHNICIAN-B** | | | |
| **001** | आई टी आई इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिकल<br><br>ITI Electronics Mechanic | 05 (ISTRAC) | **(अना.- 02, अ.पि.व.- 01, ई.डब्ल्यू.एस.-02)<br><br>(UR- 02, OBC- 01, EWS-02)** | **S, ST, W, BN, L, CL, CRL, MF, RW, SE, H, OC, PP, KC** | एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मेट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से इलेक्ट्रॉनिक्स मेकेनिक/तकनीशियन पॉवर इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली/मेकेनिक कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण/मेकेनिक औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.<br><br>SSLC/SSC/Matriculation + ITI/NTC/NAC in Electronics Mechanic / Technician Power Electronic Systems / Mechanic Consumer Electronic Appliances / Mechanic Industrial Electronics trade from NCVT. | लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सी.बी.टी.) व कौशल परीक्षा (पाठ्यक्रम आधारित)<br><br>Written Test / Computer Based Test (CBT) and Skill Test (Curriculum based) |
| | | 03 (MCF Hassan) | **(अना.- 01, अ.जा. - 01, ई.डब्ल्यू.एस.-01)<br><br>(UR- 01, SC- 01, EWS-01)<br>03 में से 01 रिक्ति पी.डब्ल्यू.बी.डी (एच.एच.) के लिए चिन्हित है<br>Out of 03, 01 vacancy identified for PWBD (HH)** | | | |
| **002** | आई टी आई कार्पेंटर<br>ITI Carpenter | 01 | **(अ.पि.व.- 01)<br>(OBC-01)** | **S, ST, W, BN, L, CL, CRL, MF, RW, SE, H, OC, PP, KC** | एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मेट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से कार्पेंटर ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.<br><br>SSLC/SSC/Matriculation + ITI/NTC/NAC in Carpenter trade from NCVT. | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **ड्राफ्टस्मैन-बी / DRAUGHTSMAN-B** | | | |
| **003** | ड्राफ्टस्मैन (सिविल)<br>Draughtsman (Civil) | 01 | **(अ.पि.व.-1)<br>(OBC -01)<br><br>PwBD-OH<br>(बैकलॉग रिक्ति Backlog Vacancy)** | **S, ST, W, BN, L, CL, CRL, MF, RW, SE, H, OC, PP, KC** | एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मेट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से ड्राफ्ट्स्मैन -सिविल ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.<br><br>SSLC/SSC/Matriculation + ITI/NTC/NAC in Draughtsman Civil trade from NCVT. | लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सी.बी.टी.) व कौशल परीक्षा (पाठ्यक्रम आधारित)<br><br>Written Test / Computer Based Test (CBT) and Skill Test (Curriculum based) |
| **004** | ड्राफ्टस्मैन-मैकेनिकल<br>Draughtsman-Mechanical | 01 | **(अ.पि.व.-01)<br>(OBC-01)** | **S, ST, W, BN, L, CL, CRL, MF, RW, SE, H, OC, PP, KC** | एस.एस.एल.सी./एस.एस.सी./मेट्रिकुलेशन + एन.सी.वी.टी. से ड्राफ्ट्स्मैन -मैकेनिकल ट्रेड में आई.टी.आई./एन.टी.सी./एन.ए.सी.<br><br>SSLC/SSC/Matriculation + ITI/NTC/NAC in Draughtsman Mechanical trade from NCVT | |

**नोट-पद कोड सं 001 के लिए, कुल 08 पदों में से, 05 पद इस्ट्रैक तथा 03 पद मुख्य नियंत्रण सुविधा, हासन में भरने हेतु अधिसूचित है।**
**Note: For Post Code No. 001, out of the total 08 posts, 05 posts are notified for filling up at ISTRAC and 03 posts are notified for filling up at Master Control Facility (MCF), Hassan.**

| तकनीकी सहायक / TECHNICAL ASSISTANT | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **005** | इलेक्ट्रानिक्स Electronics | 06 | **(अनु ज.जा. / ST- 01 – उ.पू.सैक, उमियम में तैनाती के लिए चिन्हित identified to be posted at NESAC, Umiam.)**<br><br>**(अ.पि.व. / OBC- 01 – श्री विजयपुरम, अं एवं नि. द्वीप में तैनाती के लिए चिन्हित identified to be posted at ISTRAC, Sri Vijayapuram, A&N Islands)**<br><br>**(अ.जा. / SC- 01 – एस.डी.एस.सी शार, आँध्र प्रदेश में तैनाती के लिए चिन्हित identified to be posted at SDSC SHAR, Andhra Pradesh)**<br><br>**(अना./ UR- 01 , ई.डब्ल्यू.एस / EWS- 01 - इस्ट्रैक, बेंगलूरु में तैनाती के लिए चिन्हित identified to be posted at ISTRAC, Bengaluru)**<br><br>**(अना./ UR- 01 / UR- 01 इस्ट्रैक, तिरुवनंतपुरम में तैनाती के लिए चिन्हित identified to be posted at ISTRAC, Thiruvananthpuram)** | **S, ST, W, BN, L, CL, CRL, MF, RW, SE, H, OC, PP, KC** | मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग डिप्लोमा में प्रथम श्रेणी<br>First Class Diploma in Electronics from a recognized State Board. | लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सी.बी.टी.) व कौशल परीक्षा (पाठ्यक्रम आधारित)<br><br>Written Test / Computer Based Test (CBT) and Skill Test (Curriculum based) |
| **006** | मैकेनिकल Mechanical | 01 | **(अ.पि.व.-01 OBC - 01)** | **S, ST, W, BN, L, CL, CRL, MF, RW, SE, H, OC, PP, KC** | मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड से मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा में प्रथम श्रेणी<br>First Class Diploma in Mechanical Engineering from a recognized State Board. | |

| पोस्ट कोड Post Code. | विषय/क्षेत्र Discipline/ Field | रिक्त पदों की संख्या No. of Vacancy (ies) | अनारक्षित/आरक्षित Unreserved/ Reserved for | शारीरिक मानक *Physical Standards* | आवश्यक न्यूनतम अर्हता व अनुभव Essential minimum qualification & Experience | चयन का तरीका Mode of Selection |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **वैज्ञानिक सहायक / SCIENTIFIC ASSISTANT** | | | |
| **007** | कंप्यूटर विज्ञान Computer Science | 04 | **(अ.पि.व.- 02, ई.डब्ल्यू.एस.- 01, अना.- 01) (OBC- 02, EWS- 01, UR-01)** उपरोक्त में से एक पद पी.डब्ल्यू.बी.डी-एच.एच.( श्रवण बाधित वर्ग) के लिए चिन्हित Out of the above one post is earmarked for PwBD – HH (Hard of Hearing) category | **S, ST, W, BN, L, CL, CRL, MF, RW, SE, H, OC, PP, KC** | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्था से मुख्य विषय के रूप में कंप्यूटर विज्ञान के साथ प्रथम श्रेणी से बी.एससी / First Class B.Sc. with Computer Science as main subject from a recognised University/ Institution. | लिखित परीक्षा/कंप्यूटर(सी.बी.टी.) आधारित परीक्षा व कौशल परीक्षा (पाठ्यक्रम आधारित) Written Test / Computer Based Test (CBT) and Skill Test (Curriculum based) |
| **008** | बी एस सी- गणित B.Sc Mathematics | 01 | **(अना.- 01 UR-01)** | **S, ST, W, BN, L, CL, CRL, MF, RW, SE, H, OC, PP, KC** | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से मुख्य विषय के रूप में गणित के साथ प्रथम श्रेणी से बी.एससी. / First Class B.Sc. with Mathematics as main subject from a recognised University/ Institution. | |
| | | | **ग्रंथालय सहायक-ए / Library Assistant – 'A'** | | | |
| **009** | ग्रंथालय सहायक-ए Library Assistant – 'A' | 01 | **(अ.पि.व.- 01) (OBC- 01,)** | **S, ST, W, BN, L, CL, CRL, MF, RW, SE, H, OC, PP, KC** | प्रथम श्रेणी में स्नातक + मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से ग्रंथालय विज्ञान/ग्रंथालय व सूचना विज्ञान या समतुल्य में प्रथम श्रेणी में स्नात्कोत्तर Graduate in First Class + First Class Master's degree in Library Science / Library & Information Science or Equivalent from recognized University/Institution. | लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सी.बी.टी.) एवं कौशल परीक्षा (कंप्यूटर ज्ञान) Written Test / Computer Based Test (CBT) & Skill Test (Computer Literacy) |

| रसोइया - ए /Cook - A | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 010 | रसोइया - ए<br>Cook - A | 01 (ISTRAC)<br><br>01 (MCF Hassan) | **(अना./UR- 01),<br>पी.डब्ल्यू.बी.डी- एच.एच ( श्रवण बाधित) earmarked for PwBD – HH(Hard of Hearing)**<br><br>**(अना./UR- 01)** | **S, ST, W, BN, L, CL, CRL, MF, RW, SE, H, OC, PP, KC** | 1. एस.एस.एल.सी/.एस.एस.सी. अथवा इसके समतुल्य में उत्तीर्ण SSLC/SSC Pass or its equivalent<br>2. किसी भी प्रतिष्ठित होटल/कैंटीन में रसोइया के समान हैसियत में 05 वर्षों का अनुभव \| 05 years experience in a similar capacity as cook in a well Established Hotel/ canteen.<br>3. किसी व्यक्ति से जारी अनुभव प्रमाण-पत्र स्वीकृत नहीं किए जाएंगे Experience Certificates from individuals will not be accepted. | लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सी.बी.टी.) व कौशल परीक्षा Written Test / Computer Based Test (CBT) And Skill Test |

**नोट- पद कोड सं 010 के लिए, कुल पदों में से, 01 पद इस्ट्रैक में तथा 01 पद मुख्य नियंत्रण सुविधा, हासन में भरने हेतु अधिसूचित है।**
**Note: For Post Code No. 010, out of the total 02 posts, 01 post is notified for filling up at ISTRAC and 01 post is notified for filling up at Master Control Facility (MCF), Hassan.**

**प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर / ABBREVIATIONS USED:**

अना. - अनारक्षित; अ.पि.व. - अन्य पिछड़े वर्ग; अ.जा. - अनुसूचित जाति; अ.ज.जा. - अनुसूचित जन जाति; ई.डब्ल्यू.एस. - आर्थिक रुप से अशक्त वर्ग; पी.डब्ल्यू.बी.डी. - निर्देशित दिव्यांग व्यक्ति [जैसे कि ओ.एच. - शारीरिक रुप से दिव्यांग; वी.एच. -दृष्टि से दिव्यांग; एच.एच. - श्रवण से दिव्यांग] इस्ट्रैक: इसरो दूरमिति अनुवर्तन तथा आदेश संचारजाल |
UR - Unreserved; OBC - Other Backward Class; SC - Scheduled Caste; ST - Scheduled Tribe; EWS - Economically Weaker Section; PwBD - Person with Benchmark Disabilities [i.e. OH - Orthopedically Handicapped; VH - Visually Handicapped; HH- Hard of Hearing]. ISTRAC: ISRO Telemetry Tracking and Command Network.

**S=Sitting, ST=Standing, W=Walking, BN=Bending, L=Lifting, RW=Reading & Writing, MF=Manipulation By Fingers, SE=Seeing, OC=Oral Communication, CRL=Crawling, CL=Climbing, PP=Pulling & Pushing, KC=Kneeling & Crouching, H=Hearing.**

**तैनाती का स्थान Place of Posting:**

चयनित अभ्यर्थियों द्वारा उपरोक्त तालिका में इंगित अनुसार इस्ट्रैक/ एम.सी.एफ की एक या एक से अधिक तकनीकी सुविधाओं में कार्य निष्पादन करना अपेक्षित होगा। **साथ ही, इस नियुक्ति द्वारा अंतरिक्ष विभाग/ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के नियंत्रण के अधीन भारत में कहीं भी तैनाती हो सकती है।** The selected candidates are required to perform duties at one or more of the Technical Facilities of ISTRAC/ MCF as indicated in the table above. **Further, the appointment carries with it the liability to be posted anywhere in India under the control of Department of Space / Indian Space Research Organisation.**

**नोट Note:**

1. पी.डब्ल्यू.बी.डी. एवं भूतपूर्व सैनिक कोटा के तहत नियुक्त अभ्यर्थीयों को अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ई.डब्ल्यू.एस./अना. के संबंधित श्रेणियों के रिक्त पद के प्रति समायोजित किया जाएगा। पी.डब्ल्यू.बी.डी. नियमों के तहत जो व्यक्ति कम से कम 40% संबंधित निशक्तता से पीड़ित हैं, मात्र वे ही अनुमेय अनुसार आरक्षण तथा अन्य छूट के लिए अर्ह होंगे।
   The candidates appointed under PwBD and Ex-Servicemen quota will be adjusted against the vacancy of respective categories of SC/ST/OBC/EWS/UR. Persons suffering from not less than 40% of relevant disability shall alone be eligible for the benefit of reservation and other relaxation as permissible under PwBD rules.

2. निर्देशित दिव्यांग व्यक्ति (पी.डब्ल्यू.बी.डी) तथा भूतपूर्व सैनिक ऐसे पदों के लिए, जो इनके लिए आरक्षित नहीं है, के लिए भी आवेदन दे सकते हैं जो उनके लिए उपयुक्त हैं। तथापि , ऐसे अभ्यर्थियों का ऐसे पद पर चयन करने के लिए योग्यता के सामान्य मानक के अनुसार विचार किया जाएगा।
   Persons with Benchmark Disability (PwBD) and Ex-Servicemen can apply to the posts suitable to them even if the post is not reserved for them. However, such candidates will be considered for selection to the post by general standard of merit.

## 3. उपरोक्त पदों के लिए वेतन एवं भत्ता तथा आयु सीमा / Pay and Allowances and Age Limit for the above posts:

| पद का नाम<br>Name of the post | पद कोड<br>Post Code | वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर<br>Pay Level in Pay Matrix | लगभग कुल परिलब्धियाँ<br>Approx. Gross Emoluments | 20.07.2026 तक आयु सीमा<br>Age limit as on 20.07.2026 |
|---|---|---|---|---|
| तकनीशियन-बी<br>Technician – B | 001 & 002 | स्तर Level 3 | ₹. 21,700/- प्रति माह + स्वीकार्य भत्ते<br>Rs. 21,700/- per month + Admissible Allowances | 18-35 वर्ष<br>Years |
| ड्राफ्टस्मैन-बी<br>Draughtsman – B | 003 & 004 | | | |
| तकनीकी सहायक<br>Technical Assistant | 005 & 006 | स्तर Level 7 | ₹. 44,900/- प्रति माह + स्वीकार्य भत्ते<br>Rs. 44,900/- per month + Admissible Allowances | |
| वैज्ञानिक सहायक<br>Scientific Assistant | 007 & 008 | | | |
| ग्रंथालय सहायक – ए<br>Library Assistant - A | 009 | | | |
| रसोइया- ए<br>Cook - A | 010 | स्तर Level 2 | ₹. 19,900/- प्रति माह + स्वीकार्य भत्ते<br>Rs. 19,900/- per month + Admissible Allowances | |

**आरक्षित श्रेणियों हेतु, अ.जा./अ.ज.जा. अभ्यर्थियों के लिए 05 वर्ष तथा अ.पि.व. अभ्यर्थियों के लिए 03 वर्ष (जहाँ भी इन श्रेणियों के लिये पद आरक्षित हैं) तक ऊपरी आयु सीमा में छूट है। जहाँ कहीं भी रिक्त पद आरक्षित नहीं हैं, वहाँ अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ई.डब्ल्यू.एस. अभ्यर्थी अना. अभ्यर्थियों के समान आवेदन कर सकते हैं, अर्थात्, अना. रिक्त पदों के प्रति कोई भी छूट उपलब्ध नहीं है। विभागीय अभ्यर्थी, भूतपूर्व-सैनिक (भू.सै.), निर्देशित दिव्यांग व्यक्ति (पी.डब्ल्यू.बी.डी.), मेधावी खिलाड़ी, विधवा, तलाकशुदा महिलाएँ तथा जो अपने पति से न्यायिक रूप से अलग हुई हो एवं जिनका पुर्नविवाह नहीं हुआ हो, वे भारत सरकार के आदेश के अनुसार आयु सीमा में छूट के लिए पात्र हैं। ई.डब्ल्यू.एस अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की छूट के लिए पात्र नहीं है। उपरी आयु में छूट की माँग करने वाले अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी सुसंगत प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।**

**For Reserved Categories, relaxation in upper age limit by 05 years for SC/ST candidates and 03 years for OBC candidates (wherever the posts are reserved for the respective category). Wherever vacancies are not reserved, SC/ST/OBC/EWS candidates may apply on par with Unreserved (UR) candidates, in other words, no relaxations are available against UR vacancies. Departmental candidates, Ex-servicemen (ESM), Persons with Benchmark Disabilities (PwBD), Meritorious Sports persons, Widows, Divorced Women and Women judicially separated from their husbands and who are not remarried are eligible for age relaxation as per Government of India Orders. EWS Candidates are not eligible for any relaxation. Candidates seeking upper age relaxation should produce relevant certificates as issued by the competent authorities.**

नियुक्त कर्मचारी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली/ एकीकृत पेंशन योजना के तहत शामिल होंगे। विनिर्दिष्ट कुल परिलब्धियों के अतिरिक्त, इसरो निशुल्क परिवहन (परिवहन भत्ते के बदले में) सीमित गृह सुविधा (गृह किराया भत्ता के बदले में), कंप्यूटर खरीदने, गृह निर्माण के लिए अग्रिम, छुट्टी यात्रा रियायत, समूह बीमा आदि और रियायती कैंटीन सुविधाएँ उपलब्ध कराता है, जोकि कुछ निबंधन और शर्तों के आधार पर होगा। इसरो अपने कर्मचारियों और पात्र आश्रितों को आकर्षक चिकित्सा योजना भी प्रदान करता है।

The employees appointed will be governed by the National Pension System/Unified Pension Scheme. In addition to the gross emoluments specified, ISRO provides free transport (in lieu of Transport Allowance), limited housing facility (in lieu of House Rent Allowance), advances for purchase of computer, construction of house, Leave Travel Concession, Group Insurance, etc., and extends subsidized canteen facilities subject to certain terms and conditions. ISRO also provides attractive medical scheme to its employees and eligible dependents.

इसरो में वैज्ञानिक/तकनीकी कार्मिकों के लिए कैरियर में उन्नति, योग्यता पदोन्नति योजना पर आधारित है, जिसके अंतर्गत रिक्तियों पर बिना विचार किए निर्धारित सेवाकाल के बाद कर्मचारियों की समीक्षा की जाती है एवं उन्हे योग्यता के आधार पर अगले ग्रेड में पदोन्नत किया जाता है। प्रशासनिक कार्मिकों के लिए करियर में उन्नति रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर होगी।

Career advancement for Scientific/Technical personnel in ISRO is based on Merit Promotion Scheme where the employees are reviewed and promoted to next grade on merit after a prescribed residency period without reference to vacancies. Career advancement for administrative personnel will be on the basis of availability of vacancies.

## 4. आवेदन कैसे करें How to apply:

आवेदन-पत्र सिर्फ ऑन-लाइन माध्यम से ही प्राप्त किए जाएंगे। Applications will be received through on-line mode only.

ऑन-लाइन पंजीकरण के लिए आवेदन हेतु लिंक इसरो/ इस्ट्रैक वेबसाइट **www.isro.gov.in / www.istrac.gov.in** पर **27.06.2026 (10:00 AM) से 20.07.2026 (11.55 PM)** तक की अवधि के दौरान होस्ट किया जाएगा। ऑनलाइन पंजीकरण करने पर, आवेदकों को ऑन-लाइन पंजीकरण संख्या उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे भविष्य के संदर्भ के लिए सुरक्षित रखना होगा। अभ्यर्थियों को भविष्य के संदर्भ के लिए ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट रखने की सलाह दी जाती है।
The link for the application for on-line registration will be hosted in the ISRO/ISTRAC web-sites **www.isro.gov.in / www.istrac.gov.in** during the period from **27.06.2026 (10:00 AM) to 20.07.2026 (11.55 PM).** Upon on-line registration, applicants will be provided with an on-line Registration Number, which should be carefully preserved for future reference. The candidates are also advised to take a printout of the online application for future reference.

- वे अभ्यर्थी जिन्होंने नेशनल कैरियर सर्विस (एन.सी.एस.) पोर्टल के तहत पंजीकरण किया है और पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं, इसरो/ इस्ट्रैक. वेबसाइट के कैरियर्स पेज को देखें एवं आवेदन प्रक्रिया का अनुसरण करें।
  The Applicants registered under National Career Service (NCS) Portal and fulfilling the eligibility conditions may visit Careers page of ISRO/ISTRAC web-site and follow the application procedure.

- यह स्पष्ट रूप से नोट करें कि ऑनलाइन आवेदन को जमा करने के पश्चात उसे बाद में एडिट नहीं किया जा सकता है। अत: अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन को अंतिम रूप से जमा करने से पहले यह जांच करे लें कि आवेदन में भरे गए सभी विवरण सही हैं।
  It may be clearly noted that online application once submitted cannot be edited later. Hence, applicants are advised to verify whether, all details entered in the application are correct, before final submission of the application.

- **आवेदक को ऑनलाइन आवेदन में सही एवं अनिवार्यत: ई-मेल आई.डी. को उपलब्ध कराना होगा (स्क्रीन्ड-इन किए गये अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सी.बी.डी.)/कौशल परीक्षा के लिए हॉल टिकट/कॉल लेटर केवल ई-मेल आई.डी./ एस.एम.एस. द्वारा ही भेजा जाएगा एवं अलग से हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी)।**
  **E-mail ID and Mobile no. of the applicant will have to be provided in the on-line application correctly and compulsorily (Intimation regarding Hall Tickets / Call letters for Written Test / Computer Based Test (CBT)/ Skill Test for screened-in candidates will be sent through e-mail/ sms only and no separate hard copy will be sent).**

- **अनापत्ति प्रमाण-पत्र/ No Objection Certificate:**
  वे अभ्यर्थी जो केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम, स्वायत्त निकाय आदि में कार्यरत हैं, को कौशल परीक्षा के समय अथवा माँगे जाने पर, संबंधित नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' प्रस्तुत करना होगा। फिर भी अभ्यर्थी, नियोजक को सूचित करने के उपरांत तथा पूर्व अनुमति प्राप्त करने पर ही पद के लिए आवेदन दे सकते हैं। किसी भी अभ्यर्थी को यदि आवेदन देने के उपरांत रोज़गार मिलता है/परिवर्तन होता है तो यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी अपने नियोजक को इस आवेदन के विवरण के बारे में सूचित करें तथा अनिवार्य रूप से कौशल परीक्षा के समय एन.ओ.सी. प्रस्तुत करें । कौशल परीक्षा के समय यदि अभ्यर्थी एन.ओ.सी. की मूल प्रति प्रस्तुत करने में असमर्थ होते हैं तो उन्हें कौशल परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा **यात्रा भत्ता (टी.ए.)का भुगतान भी नहीं किया जाएगा।** ऐसे अभ्यर्थियों की आगे की भर्ती प्रक्रिया में सहभागिता की कोई दावेदारी नहीं होगी । **इस संदर्भ में, भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई भी झूठा दावा पाये जाने पर, अभ्यर्थी की उम्मीदवारी/ नियुक्ति रद्द कर दी जायेगी ।**

  Candidates who are employed under Central/State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous Bodies etc. have to submit 'No Objection Certificate' from the employer concerned, at the time of Skill Test or as and when called for. However, the candidate should apply for the post only under intimation to and with the prior permission of the employer. Candidate, who gets/changes employment after applying, is required to inform the employer the particulars of his/her application and shall mandatorily submit NOC at the time of Skill Test. Any candidate, who fails to submit NOC in original at the time of Skill Test, shall not be permitted to appear in the Skill Test and **Travelling Allowance (TA) will not be paid.** Such candidates will not have any claim for participation in further recruitment process. **Any false claim in this regard noticed at any stage of recruitment will result in disqualification of candidature / employment.**

## 5. दस्तावेजों को अपलोड करना / Uploading of Documents:

अभ्यर्थियों को, ऑनलाइन पोर्टल में निम्नलिखित दस्तावेजों की क्लियर इमेज / स्केन्ड प्रतियों को अपलोड करना होगा नहीं तो उनके आवेदन को अस्वीकार किया जाएगा।
Candidates are required to upload clear images/ scanned copies of the following documents in the Online portal, failing which their applications will be rejected:

- केवल .jpg अथवा.jpeg फार्मेट में (अधिकतम 50 Kb से 100 Kb) नवीनतम कलर पासपोर्ट साइज फोटो (6 महीनों से पुराना नहीं होना चाहिए)
  Recent colour passport size photograph (not older than 6 months) in .jpg or .jpeg format only (Maximum Size of 50 Kb to 100 Kb).
- मात्र .jpg or .jpeg फार्मेट में ही हस्ताक्षर (अधिकतम आकार 50 Kb to 100 Kb)
  Signature-in .jpg or .jpeg format only (Maximum Size of 50 Kb to 100 Kb).
- सभी आवश्यक अनिवार्य अर्हता प्रमाण पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र
  All the required Essential Qualification certificates and Experience certificates
- प्रोसेसिंग शुल्क की पूर्ण वापसी के लिए लागू अ.जा. / अ.ज.जा. / दिव्यांग/ भूतपूर्व-सैनिक प्रमाण पत्र (कोई एक प्रमाण पत्र)
  SC/ST/Disability/ Ex-servicemen certificate as applicable for full refund of Processing Fee (any one certificate).

(ऑनलाइन आवेदन भरते समय, उपरोक्त दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए आसानी से उपलब्ध रखने की सलाह दी जाती है (While filling up on-line application, it is advisable to keep the above documents readily available to upload the same).

**नोट / Note:**

- अभ्यर्थी की पहचान हेतु अपलोड किया गया फोटो बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए। इसी प्रकार, अपलोड किए गए हस्ताक्षर स्पष्ट और सुपाठ्य होने चाहिए। ऑनलाइन आवेदन में इन आवश्यकताओं को पूरा न करने पर, अभ्यर्थिता को रद्द कर दिया जाएगा।
  The Photograph uploaded should be very clear to identify the candidate. Similarly, signature uploaded should be clear and legible. Failure to meet these requirements in the online application will lead to cancellation of candidature.
- अपेक्षित दस्तावेजों को अपलोड किए बिना प्रस्तुत किए गए आवेदनों को अमान्य माना जाएगा।
  Applications submitted without uploading the requisite documents will be treated as Invalid.
- अभ्यर्थियों को पद, जाति प्रमाण-पत्र (अर्थात, अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.), आर्थिक रुप से अशक्त वर्ग (ई.डबल्यू.एस.एस.) के लिए आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र, भूतपूर्व-सैनिकों के लिए डिस्चार्ज प्रमाण-पत्र और पी.डब्ल्यू.बी.डी. अभ्यर्थियों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के संबंध में विवरण के प्रमाण आवश्यकतानुसार माँगने पर प्रस्तुत करना होगा।
  Candidates will have to produce proof of details regarding educational qualification prescribed for the post, caste certificate (i.e.SC/ST/OBC), Income and Asset Certificate for Economically Weaker Sections (EWSs), Discharge certificate for Ex-Servicemen and Disability Certificate for PWBD candidates as and when called for.
- अपलोड किए गए दस्तावेजों को कौशल परीक्षा के दौरान सत्यापित किया जाएगा और केवल लिखित परीक्षा/सी.बी.टी./कौशल परीक्षा में शामिल होने से चयन के लिए पात्रता नहीं माना जाएगा।
  The documents uploaded will be verified during Skill Test and mere admission to appear for written examination/CBT/skill test will not bestow eligibility for selection.

## 6. आवेदन शुल्क का भुगतान / Payment of Application Fee:

- तकनीकी सहायक/वैज्ञानिक सहायक के लिए **₹250/- ( केवल दो सौ पचास रुपये)** का गैर-वापसी आवेदन शुल्क है। हालांकि, प्रारंभ में सभी अभ्यर्थियों को प्रोसेसिंग शुल्क के रुप में प्रति आवेदन के लिए समान रुप से **₹750/- (केवल सात सौ पचास रुपये )** का भुगतान करना होगा। प्रोसेसिंग शुल्क केवल लिखित परीक्षा/ सी.बी.टी. में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को लौटाया जाएगा।
  There is a non-refundable Application Fee of **₹250/- (Rupees Two Hundred and Fifty only)** for Technical Assistant / Scientific Assistant. However, initially all candidates have to uniformly pay **₹750/- (Rupees Seven Hundred and Fifty only)** per application as Processing fee. The Processing fee will be refunded only to candidates who appear in the Written Test/ CBT.
- तकनीशियन-बी/ड्राफ्ट्समैन-बी/रसोईया के लिए **₹100/- ( केवल एक सौ रुपये )** का गैर-वापसी आवेदन शुल्क है। हालांकि प्रारंभ में सभी अभ्यर्थियों को प्रोसेसिंग शुल्क के रुप में प्रति आवेदन समान रुप से **₹500/- (केवल पांच सौ रुपये )** का भुगतान करना होगा। प्रोसेसिंग शुल्क केवल लिखित परीक्षा / सी.बी.टी में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को वापस किया जाएगा।
  There is a non-refundable Application Fee of **₹100/- (Rupees One Hundred only)** for Technician-B / Draughtsman-B / Cook. However, initially all candidates have to uniformly pay **₹500/- (Rupees Five Hundred only)** per application as Processing fee. The Processing fee will be refunded only to candidates who appear in the Written Test/ CBT.
- आवेदन शुल्क  भारतकोश, ई-पेमेंट गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त किया जाएगा और भुगतान करने का लिंक ऑनलाइन आवेदन जमा करने पर दिखाई देगा। शुल्क का भुगतान निम्नलिखित में से किसी एक तरीके का उपयोग करके किया जा सकता है।

The Application fee will be collected Online vide Bharatkosh e-Payment gateway only and the link for making the payment will appear on submission of the online application. The fee can be paid using any of the following modes:

इंटरनेट बैकिंग/ एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यू.पी.आई.)/ डेबिट कार्ड (घरेलू)
Internet Banking/ Unified Payment Interface (UPI)/ Debit Cards (Domestic)

- **किसी अन्य रुप में आवेदन शुल्क का भुगतान जैसे कि नकद प्रेषण, चैक, ड्रॉफ्ट, मनी आर्डर, आई.पी.ओ. आदि की अनुमति नहीं है (या) भुगतान का कोई अन्य तरीके को स्वीकार नहीं किया जाएगा।**
  **Payment of Application Fee in any other form like cash remittance, cheque, draft, money order, IPO, etc. is not allowed (or) No other mode of payment will be accepted.**
- आवेदन शुल्क के भुगतान के लिए सभी लागू सेवा शुल्क का वहन आवेदक द्वारा किया जाएगा।
  All Applicable service charges for payment of Application fee shall be borne by the Applicant.
- आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि ही, आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि होगी I The last date for submission of Application Form shall be the last date for the payment of Application Fee.
- इस्ट्रैक किसी भी लम्बित/ विफल ट्रान्जेक्शन के लिए जिम्मेदार नही होगा I ISTRAC shall not be responsible for pending/failed transactions.

7. <u>आवेदन शुल्क की वापसी:</u> प्रोसेसिंग शुल्क केवल लिखित परीक्षा/ सी.बी.टी. में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को निम्नानुसार वापस किया जाएगा

**<u>Refund of Application Fee:</u>** The Processing fee will be refunded only to candidates who appear in the written test / CBT, as under:-

- अभ्यर्थी, जिन्हें आवेदन शुल्क (महिला, अ.जा./अ.ज.जा./पी.डब्ल्यू.बी.डी., भूतपूर्व-सैनिक) के भुगतान में छूट प्राप्त है , को पूरी राशि वापस की जाएगी।
  Refund in full for candidates who are exempted from payment of Application Fee (women, SC/ST/ PwBD, Ex-Servicemen).
- अन्य सभी अभ्यर्थियों के संबंध में आवेदन शुल्क काटने के बाद : ₹500/- (तकनीकी सहायक/वैज्ञानिक सहायक हेतु) और ₹400/- (तकनीशियन-बी./ड्राफ्ट्समैन-बी./रसोइया हेतु) की राशि वापस कर दी जाएगी।
  After deducting the Application Fee in respect of all other candidates: ₹500/- (for Technical Assistant / Scientific Assistant / Library Assistant -A) and ₹400 (for Technician-B / Draughtsman-B / Cook) will be refunded.
- आवेदन शुल्क की वापसी (रीफंड) अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में दिए गए बैंक खाते में किया जाएगा। इसलिए, प्रोसेसिंग शुल्क की वापसी की प्राप्ति के लिए अभ्यर्थियों को बैंक खाते का विवरण जैसे बैंक का नाम , शाखा , खाताधारक का नाम, खाता सं. IFSC कोड सही ढंग से दर्ज करना होगा। **कृपया ध्यान दें कि यदि कोई अभ्यर्थी लिखित परीक्षा / सी बी टी उपस्थित होने में विफल रहता है तो रिफंड पर विचार नहीं किया जाएगा।**
  Refund shall be made to the bank account details provided by the candidate in the application. Hence, Candidates must enter the Bank Account details such as Bank Name, Branch, Name of Account Holder, Account Number, IFSC correctly for receipt of refund of processing fee. **Please note that refund will not be considered if a candidate fails to appear for the Written Test/ CBT.**
- ऑनलाइन आवेदन भरते समय आवेदक द्वारा बैंक विवरण की गलत प्रविष्टि करने के परिणामस्वरूप आवेदन शुल्क को वापस करने के संबंध में होनेवाली समस्याओं के लिए **इस्ट्रैक** जिम्मेदार नहीं होगा।
  **ISTRAC** will not be held responsible for any issues arising in refund of the application fee as a result of incorrect entry of bank details by the applicant in the online application.
- **अभ्यर्थियों द्वारा दोहरा /बहु आवेदनों को प्रस्तुत करने पर, केवल उस आवेदन पर ही विचार किया जाएगा, जिसके प्रति आवेदन शुल्क अंतिम तारीख के भीतर प्राप्त हुआ है।**
  **In case of submission of duplicate / multiple applications by candidates, the application against which the 'application fee' has been received within the last date of application, only will be considered.**

## 8. <u>चयन प्रक्रिया Selection Process:</u>

**निर्धारित योग्यता न्यूनतम आवश्यकता है तथा इसके होने पर अभ्यर्थी लिखित परीक्षा/ सी.बी.टी. हेतु बुलाने के लिए स्वतः पात्र नहीं बनता।** ऑन-लाइन आवेदनों में अभ्यर्थियों/आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराए गए शैक्षिक निष्पादन व अन्य मापदंड के आधार पर ही पूर्व छानबीन होगी एवं मात्र चयनित अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/ सी.बी.टी.के लिए बुलाया जाएगा। **लिखित परीक्षा/ सी.बी.टी. में इस्ट्रैक द्वारा निर्धारित किए गए निष्पादन/मापदंड के आधार पर अर्ह अभ्यर्थियों को एवं अधिसूचित रिक्त पदों की संख्या को ध्यान में रखते हुए, कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।**

**The qualification prescribed is the minimum requirement and possession of the same does not automatically make the candidate eligible to be called for Written test**/ CBT**.** There will be an initial screening, based on the academic performance and other parameters provided by the candidates / applicants in the on-line applications and only those screened-in candidates will be called for Written Test/ CBT. **Candidates those who qualify based on the performance / parameters set by ISTRAC in the Written Test**/ **CBT and taking into consideration of number of Vacancies notified, will be called for Skill Test.**

कौशल परीक्षा पूरी तरह गो-नो-गो के आधार पर होगी । कौशल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों में से लिखित परीक्षा/ सी.बी.टी. में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम चयन होगा।
Skill Test will be purely on a go-no-go basis. Final selection will be based on the marks obtainbed in the Written Test/ CBT from among the candidates who qualify the Skill Test.

**a) तकनीशियन-बी/ड्राफ्टस्मैन-बी/तकनीकी सहायक/वैज्ञानिक सहायक / ग्रंथालय सहायक – ए पदों हेतु**
**For the posts of Technician-B / Draughtsman-B / Technical Assistant / Scientific Assistant / Library Assistant - A:**

**i) परीक्षा का पैटर्न / Pattern of Exam:**

| वर्ग Category | लिखित परीक्षा Written Test/ CBT | कौशल परीक्षा Skill Test |
|---|---|---|
| तकनीकी सहायक, वैज्ञानिक सहायक एवं ग्रंथालय सहायक - ए<br>Technical Assistant, Scientific Assistant and Library Assistant -A | 1.5 घंटें में 80 MCQs (+1 & -0.33 अंकन)<br>80 MCQs in 1.5 hrs (+1 & -0.33 marking) | (अर्हता प्रकार):<br>100 अंकों के लिए आयोजित किया जाएगा<br>(Qualifying nature):<br>To be conducted for 100 marks |
| तकनीशियन-बी एवं ड्राफ्टस्मैन-बी<br>Technician-B and Draughtsman-B | 1.5 घंटें में 80 MCQs (+1 & -0.33 अंकन)<br>80 MCQs in 1.5 hrs (+1 & -0.33 marking) | |

**ii) उत्तीर्ण मानदंड / Pass Criteria:**

| वर्ग Category | लिखित परीक्षा Written Test/ CBT | कौशल परीक्षा Skill Test |
|---|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थी<br>Unreserved Candidates | 32/80 अंक marks | 50/100 अंक marks |
| आरक्षित अभ्यर्थी<br>(केवल पद आरक्षित है तो)<br>Reserved Candidates<br>( only if a post is reserved) | 24/80 अंक marks | 40/100 अंक marks |

लिखित परीक्षा/ सी.बी.टी. के लिए पाठ्यविवरण, पाठ्यक्रम आधारित है। लिखित परीक्षा/ सी.बी.टी. में निष्पादन के आधार पर, कौशल परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को न्यूनतम 10 अभ्यर्थियों सहित 1:5 अनुपात में चयनित किया जाएगा ।
The syllabus for the Written Test/CBT is curriculum based. Based on the performance in the Written Test/CBT, candidates will be shortlisted for Skill Test in 1:5 ratio with a minimum of 10 candidates.

लिखित परीक्षा / सी.बी.टी.के अंकों में टाई होने के मामले में, पद के लिये अधिसूचित आवश्यक अर्हता के शैक्षणिक अंको को टाई ब्रेकर माना जायेगा ।
In case of a tie in Written Test/CBT scores, the academic scores of the essential qualification as notified for the post shall be the tie breaker.

